# ट्रैक्टर-ट्राली ने कपड़ा व्यापारी को कुचला

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार कपड़ा कारोबारी को कुचल दिया। हादसे में कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर जमा भीड़ ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौत की सूचना जब परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया।

हादसा बीती रात करीब 10.30 बजे कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर रोड पर अब्दुल करीम खां इंटर कॉलेज के समीप हुआ। मोहल्ला शाही चबूतरा मे छोटी मस्जिद के पास स्व. नफीस अहमद का परिवार रहता है। उनके चार बेटे व तीन बेटियां है। चौथे नंबर का बेटा मुहम्मद आदिल की बाजार गुजरी में गारमेंट्स की दुकान है। परिवार में पत्नी शाहिस्ता व बेटा अहिल और बेटी वानिया है।रविवार की रात आदिल बाइक से लकड़ा चौराहे की तरफ जा रहा था। अभी उसकी बाइक ए के के इंटर के सामने ही पहुंची थी तभी ऑटो से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से ऑटो पलट गया और चालक घायल हो गया,जबकि आदिल सड़क पर जा गिरा,तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उसे कुचल दिया।उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर, ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर जमा भीड़ ने ऑटो चालक व आदिल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने आदिल को मृत घोषित कर दिया। कारोबारी की मौत की सूचना जब परिवार वालों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया।

# सुबह से ही लग गई गैस उपभोक्ताओं की लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। गैस एजेंसियों और गैस गोदामों से उपभोक्ताओं की भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। सुबह होते ही उपभोक्ता वाउचर कटाने और फिर गैस सिलेण्डर लेने के लिए लाइन में लग जाते हैं। कामकाजी लोगों को तो सिलेण्डर लेने के लिए डयूटी तक भी छोड़नी पड़ रही है।

**■ कामकाजी लोगों को सिलेण्डर लेने को छोड़नी पड़ी डयूटी**

अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश में एलपीजी की किल्लत बढ़ी है। यही कारण है कि नगर के तीन गैस एजेसियों से प्रत्येक दिन गैस सिलेण्डर की आपूर्ति देने के बाद भी ऐसा कोई दिन नहीं जाता जिस दिन गैस एजेंसी और गैस गोदाम पर भीड़ नहीं होती हो। सोमवार को बारिश के बाबजूद उपभोक्ता गैस सिलेण्डर लेने के लिए घरों से निकल गए थे। परिवार का एक सदस्य सिलेण्डर लेकर गोदाम पर लाइन में लगा तो वहीं दूसरा सदस्य एजेंसी पर जाकर वाउचर कटवाने में लग गया। जो लोग अकेले आए थे उन्हें पहले वाउचर कटवाने में तो वहीं यहां के बाद सिलेण्डर लेने के लिए लाइन में लगना पड़ा। बुजुर्ग लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर तक एजेंसियों और गोदामों पर भीड़ का आलम बना रहा। पिछले कई दिन से ऐसे ही हालात बने हुए हैं।



## चोरी की कार का आठ दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। मुरादाबाद के एक निजी बैंक में तैनात प्रबंधक की कार चोरी होने की घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं लग सका है। बता दें कि नगर के बुध बाजार निवासी जयवीर सिंह 14 मार्च को शनिवार के अवकाश में घर पर आए हुए थे। 15 मार्च को अमरोहा अपने साले की लगन में अमरोहा गए थे। वहां से आने के बाद उन्होंने अपनी कार दुकान के बाहर खड़ी कर दिया और सोने चले गए। सुबह के समय यहां पर कार नहीं थीं। कार गायब होने की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधक ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार चोरी होने की घटना को आठ दिन बीत चुके हैं, मगर अभी तक कार का सुराग नहीं मिला है।

# बहन के घर जा रहे भाई की हादसे में मौत

## ईद की खुशियां गम में बदली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। बहन के घर से ईद मिलकर लौट रहे 21 वर्षीय असद को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

मृतक असद नौगावां सादात थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के रहने वाले सैय्यद हसन के बेटे थे। पुलिस ने मुताबिक सोमवार की सुबह असद अपनी बहन सूफिया के घर मनौटा में ईद मिलने गया था और दोपहर वापस लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक जोया-संभल मार्ग स्थित मीरपुर गांव के सामने पहुंची तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक असद मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे के बाद मृतक की मां हुसन जहां समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। ट्रक के आरोपी चालक को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मीरपुर गांव के सामने सड़क पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं, जिससे सड़क हादसों का खतरा बना रहता है।

# मौसम के खेल में बीमार पड़ रहे लोग

## निजी व सरकारी अस्पतालों में भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों मे साफ दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल में खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अधिक मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे है, जिससे ओपीडी मे भीड़ बढ़ गई है। लापरवाही लोगों को मरीज बना रही है, डॉक्टर बदलते मौसम मे खान पीन का ध्यान रखने व धूप छांव से सतर्क रहने की सलाह दे रहे है।

सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी, बदलते मौसम के उतार चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है, खासकर बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट मे अधिक आ रहे हैं। जिला अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की भीड़ लगी है। चिकित्सक दवाई देने के साथ साथ मरीजों को बदलते मौसम से बचने के उपाय भी बता रहे है। लापरवाही से बीमारी गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए लोगो को सुबह शाम बदल रहे मौसम से बचने व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है। मार्च के महीने मे भी बारिश का सिलसिला जारी है, कभी बारिश कभी धूप से सुबह शाम बदल रहा मौसम मानव जीवन को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, गले में संक्रमण रोगियों की लंबी लाईन जिला अस्पताल व निजी चिकित्सक के देखी जा सकती है। आने वाले दिनों मे गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा ऐसे मे अधिक सावधानी और परहेज की जरूरत है, जिससे बीमारियां अपनी चपेट में ना ले सके।

# तेरी तस्वीर को सीने से लगा रक्खा है...

## एक शाम गलसुआ के नाम पर मुशायरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। तंजीम ए उर्दू अदब के जेरे अहतमाम जश्न ए उर्दू 'एक शाम गलसुआ के नाम' अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरा में मेहमान ए खुसूसी पूर्व विधायक अशफाक अली खां, डॉ अहमद मुर्तजा, विशाल चौधरी ने संयुक्त रूप से शमा रोशन कर मुशायरा का शुभारंभ किया।

शायर चमन हैदर बाकरी ने कहा... दरिया जो वादा करके सरासर मुकर गया, मैं तशना लब था प्यास की शिद्दत से मर गया। शायर अरकम हसनपुरी ने कहा... इसी लिए तो सुकून है मेरी हवेली में, बुजुर्ग बाप की हर बात मानी जाती है। बिलाल बाकरी ने कुछ यूं कहा... बिलाल महफिल में तेरी हर कोई आकर बैठे, अगर महफिल तुझे अदब की सजानी आए। हाफिज फरमान अनवर ने कहा... छोड़कर देखिए मसनद अनवर, पल में हालात बदल जाते हैं। मुबश्शिर बछरायूंनी ने फरमाया... मुंनसीफो ने बेच डाले इस तरह अपने जमीर, मुजरिमों को कैद खानों से जुदा रखा गया। असद अशरफ ने कहा- ईरान मुखालिफ से सदा डट के लड़ा है, दुनिया में किसी से ये डरेगा न डरा है। फैसल शुजात ने कहा... तेरी तस्वीर को सीने में लगा रक्खा है, सारी दुनिया से तुझे मैंने छुपा रक्खा है। निजामत शमशुल कमर शम्स जबकि सदारत चमन हैदर बाकरी ने की। इस मौके पर दानिश अबरार, वसीम अकरम, फैजान , आकिल चौधरी, सलीम, अनस चौधरी, मुशीर चौधरी, शाहनवाज, रिहान, शुएब अख्तर, बिलाल आदि मौजूद रहे।

# नशे में धुत युवक ने घर में घुसकर की फायरिंग

## दीवार में धसी गोली, किसान व बेटा बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शराब पीने के बाद नशे की हालत में युवक घर में घुस आया। उसने तमंचा निकालते हुए एकाएक ही फायर कर दिया। हमले में किसान व उनका बेटा बाल-बाल बच गए। खिड़की का शीशा चकनाचूर करते हुए गोली दीवार में जा धंसी। फायरिंग की आवाज से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ व कोतवाल ने मौका-मुआयना किया। मामले में किसान की पत्नी की तहरीर पर युवक के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव धकतौड़ा की है। यहां पर किसान तरुण कुमार का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शिमलेश द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक रविवार दोपहर में परिवार के सभी सदस्य घर में थे। लगभग दो बजे सुखवेंद्र नाम का एक युवक उनके घर में घुस आया। उसने शराब पी रखी थी, वह गाली-गलौज करने लगा। पति तरुण कुमार और बेटे ने जब गालियां देने का विरोध किया तो उसने तमंचे से उनपर फायर झोंक दिया। हमले में दोनों बाल-बाल बच गए, गोली खिड़की का शीशा चकनाचूर कर दीवार में जाकर लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से निकल आए, तभी आरोपी सुखवेंद्र जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी सुखवेंद्र के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरी घटना की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच रंजिश का भी पता लगाया जा रहा है।

# युवा प्रतिभाओं का मंच बना महोत्सव

## जेएस कालेज में युवा सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहीद दिवस के अवसर पर जेएस डिग्री कालेज में तृतीय युवा सांस्कृतिक महोत्सव 2026 का उत्साह और गरिमा के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की दिशा देते हैं। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष संजय मालीवाल ने युवाओं को देश की शक्ति बताते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया। वहीं मंत्री योगेश जैन ने महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ाव ही सशक्त राष्ट्र की पहचान है। महोत्सव के प्रथम दिन रंगोली, गायन, पोस्टर, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों से वातावरण को भावुक बना दिया, जबकि पोस्टर व अन्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। महोत्सव के तहत पूरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके जैन, डॉ. सुधांशु शर्मा, डॉ. वंदना रानी गुप्ता सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पिंजरे में फंसी मादा तेंदुआ, दो शावक भी रेस्क्यू

## रातभर ऑपरेशन के बाद मिली कामयाबी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्षेत्र में कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। तड़के चार बजे खेत में लगाए गए ट्रैप में मादा तेंदुआ फंस गई, जबकि तलाशी अभियान के दौरान उसके दो शावकों को भी सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। तीनों को जटी वन कार्यालय लाकर निगरानी में रखा गया है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

नौगावां सादात व मंडी धनौरा क्षेत्र में दहशत का केंद्र बना हुआ था। आए दिन वह लोगों के सामने आ रहा था। रविवार रात को तेंदुआ ने मंडी धनौरा में पालतू कुत्ते का शिकार किया था। इस क्रम में सोमवार शाम नौगावां सादात के गांव कौराल के जंगल में भी तेंदुआ देखा गया था। दरअसल गांव निवासी गौरव चौधरी खेत पर गन्ना छील रहे थे। उसी दौरान तेंदुआ खेत से निकल आया। जिसे देख कर गौरव चौधरी वहां से चले आए तथा गांव में सूचना दी थी। गांव के लोग भी बाद में मौके पर पहुंच गए तथा जंगल में तलाशी अभियान चलाया था। सूचना मिलने पर रात ही डीएफओ राजीव कुमार व वन दारोगा केपी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। रात ही दो पिंजरा लगा दिए थे। ट्रैप कैमरे भी लगाए गए थे। साथ ही वन विभाग की टीम रातभर निगरानी करती रही। तड़के चार बजे गौरव चौधरी के खेत में लगे पिंजरा में मादा तेंदुआ फंस गई। जिसे सोमवार सुबह जटी वन स्थित वन विभाग के कार्यालय लाया गया। वहीं बुधवार सुबह वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ जंगल में तलाशी अभियान चलाया तो गौरव के खेत के दूसरे छोर पर तेंदुआ के दो शावक भी मिल गए। उन्हें भी रेस्क्यू कर जटी वन लाया गया है। जहां उनकी निगरानी की जा रही है। मादा तेंदुआ की उम्र लगभग छह साल है तथा दोनों शावक की उम्र लगभग एक महीना है।

# पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र में हुई बारिश से गंगा में बढ़ा जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हुई बारिश के कारण तिगरी में गंगा का जल स्तर करीब दो फिट बढ़ गया। इस कारण गंगा के किनारे की झोंपड़ी जल मग्न हो गई। दुकानदार अपना सामान समेटने में लग गए। बीते कई दिन मैदानी और पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश हुई। जिससे तिगरी में गंगा का जल स्तर करीब दो फीट बढ़ गया। ब्रजघाट में भी गंगा का जलस्तर बढ़ता दिखाई दिया तिगरी में घाट किनारे की झोंपड़ी, दुकानों और होटलों में घुस गया। बेमौसम गंगा में बढ़ते जल स्तर के कारण दुकानदारों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। तिगरी निवासी राजकुमार का कहना है कि गंगा का जल स्तर करीब दो फीट बढ़ गया हैं। इससे गंगा किनारे की झोंपड़ी जल मग्न हो गई। वहीं गंगा की रेती में लगाई पलेज के लिए भी बढ़ता गंगा का जल स्तर किसी आपदा से कम नहीं है। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया है कि खतरे की कोई बात नहीं है हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश हो रही है, इसकी वजह से गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। फसलों में पानी भर गया है।

**■ दुकानदारों ने अपनी दुकानें पीछे हटाईं**



## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। कालाखेड़ा चीनी मिल के सामने एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीती रात ग्राम कालाखेड़ा निवासी नदीम पुत्र शरीफ रविवार की शाम करीब 6 बजे अपना काम खत्म करके घर लौट रहा था। जैसे ही वह कालाखेड़ा स्थित चीनी मिल के सामने पहुँचा सामने से आ रही एक तेज रफ्तार क्विड कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नदीम को काफी गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद घायल को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से अपनी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। परिजनों द्वारा कोतवाली हसनपुर में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खरीददारी करके लौट रहे दो दोस्तों को पीटा

## पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। खरीददारी करके घर लौट रहे दो युवकों पर कुछ युवकों ने पान की पीक थूक दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार बछरायूँ के मौहल्ला पीरजादगान निवासी सलीम पुत्र नबील व उसका दोस्त नवाजिश पुत्र साजिद हाइवे स्थित रेडटेप शोरूम से खरीदारी करके वापस अपनी बाइक से घर जा रहे थे। रात करीब आठ बजे जब दोनों दोस्त मंडी धनौरा रोड पर वरदान ढ़ाबा के पास पहुंचे तो दूसरी बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनके ऊपर पान की पीक मारी। सलीम और नवाजिश ने विरोध किया तो युवकों ने बेल्ट का प्रहार करके दोनों को घायल कर दिया। घटना के बाद सलीम और नवाजिश ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया, सलीम को गुम चोट तो वहीं नवाजिश के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर खुली चोट आने से कई टांके भी लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं निवासी सनुज पुत्र देवेंद्र सिंह, सनुज पुत्र बबलू, प्रशांत और गजरौला निवासी युवराज शर्मा और दिवाकर वर्मा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## तंवर ने संसद में उठायी ओवरब्रिज की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने अमरोहा-कैलसा बार्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण का मुद्दा संसद में उठाते रेल मंत्री से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। सांसद कंवर सिंह तंवर ने नियम 377 के तहत आज संसद में अमरोहा-कैलसा बार्डर पर ब्रिज के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इस रेलवे ब्रिज का सर्वेक्षण वर्ष 2017-18 में ही कर लिया गया था, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सांसद ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि इस परियोजना को प्राथमिकता में रखते हुए अमरोहा- कैलसा बॉर्डर रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए।

# गुणवत्तापूर्ण हो समस्याओं का समाधानः डीएम

## समाधान दिवस में दो शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सोमवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम निधि गुप्ता वत्स कि अध्यक्षता हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में दूर-दराज से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण तय समय के भीतर और सही तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि फरियादी पूरी तरह संतुष्ट होना चाहिए। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें राजस्व विभाग की 15, बिजली विभाग की 3, पुलिस की 1 और नगर पालिका की 2 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर ही 2 शिकायतों का समाधान कर दिया गया, जबकि बाकी को संबंधित विभागों को सौंपकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, जनता दर्शन और तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को भी प्राथमिकता से निपटाया जाए। वहीं एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया, परियोजना निदेशक अम्बरीष कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन, बीएसए मोनिका, डीएसओ रीना द्विवेदी, पूर्ति निरीक्षक अमित श्रीवास्तव सहित अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# राष्ट्रसेवी संगठन ने अमर शहीदों को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शहीद दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर सोमवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं ने नगर के अतरासी अड्डे पर एकत्र होकर देश के अमर बलिदानियों को नमन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि 23 मार्च 1931 का दिन भारतीय इतिहास का वह पन्ना है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लाहौर जेल में हँसते-हँसते फांसी के फंदे को चूमने वाले इन वीरों के नारों ने सोये हुए भारत को जगा दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा आज हम जिस स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। वह इन्हीं बलिदानियों की देन है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनके आदर्शों पर चलते हुए देश से गरीबी अशिक्षा और अन्याय जैसी बुराइयों को मिटाने का संकल्प लें। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश सेवा और सामाजिक सुधार के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, राज.ेंद्र सिंह, सुदेश चौहान, राजू चौहान, त्रिलोकी सिंह, खिलेंद्र सिंह, मनवीर सिंह और राजीव कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# नाई की दुकान पर विवाद ने लिया हिंसक रूप

## युवक की आंख पर किया पंच से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र में रविवार रात एक मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया। दाढ़ी बनवाने गए युवक पर नाई की दुकान पर ही हमला कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानक.ारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी विपिन अरोड़ा रविवार रात करीब 10 बजे दाढ़ी बनवाने के लिए दुकान पर गए थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद वासिद पुत्र मुश्ताक से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि वासिद ने गाली-गलौज करते हुए विपिन पर जानलेवा हमला कर दिया।पीड़ित का आरोप है कि वासिद ने पंच से उसकी आंख पर वार किया और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर आरोपी के परिजन भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। जान बचाने के लिए विपिन मौके से भागा। इसी दौरान बबी, अशोक घारेटिया समेत अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए दी प्राणों की आहूति

## बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारत माता के वीर सपूत और महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर पालिका के प्रांगण में एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह भारत के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने कहा 28 सितंबर 1907 को पंजाब में जन्मे भगत सिंह ने बहुत कम उम्र में ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। 23 मार्च 1931 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में जो अलख जगाई। वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।उन्होंने जोर देकर कहा कि आज हम जो स्वतंत्र सांस ले रहे हैं, वह इन्हीं वीर क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने शशहीद भगत सिंह अमर रहेंश के नारे लगाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद राहुल सैनीविपिन हिंदुस्तानी, करन सिंह, चंदन प्रजापति,राहुल हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, राहुल प्रजापति इनके अलावा भारी संख्या में स्थानीय सभासद और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति सेवा और समर्पण की शपथ के साथ हुआ।



# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पुलिस ने दूसरे सम्प्रदाय की नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर घर से भगाकर ले जाने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया। जांच के दौरान पुलिस ने तथ्य सामने आने पर उसके विरूद्ध पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई थीं। बता दें कि 18 मार्च को नगर के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहला फुसलाकर ले गया था। युवती के पिता ने घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने छानबीन की तो जांच में सामने आया कि शाकिब पुत्र वसीम निवासी मौहल्ला अल्लीपुर भूड़ घटना में शामिल था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान किया।

# गेस्ट हाउसों पर छापा, तीन जोड़े मिले, हड़कम्प




## कार्रवाई की भनक लगते ही कई होटल बंद कर भागे संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/ बछरायूं**। क्षेत्र में गेस्ट हाउस और होटलों में अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों के बाद सोमवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई गेस्ट हाउसों पर अचानक छापेमारी की। कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।

छापेमारी के दौरान एक गेस्ट हाउस के कमरों की तलाशी ली गई, जहां तीन जोड़े मिले। अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की और पहचान पत्र चेक किए। सभी को बालिग पाया गया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उधर, कार्रवाई की खबर फैलते ही कई गेस्ट हाउस संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। बछरायूं चौपला चौराहे पर जब टीम पहुंची तो कई गेस्ट हाउस बंद मिले। बताया जा रहा है कि संचालक पहले ही ताला लगाकर भाग गए थे। पुलिस ने ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर लिया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसको देखते हुए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि यह रूटीन जांच का हिस्सा है और आगे भी ऐसे छापे चलते रहेंगे।अधिकारियों ने साफ कहा कि बिना वैध पहचान पत्र और रजिस्टर में नाम दर्ज किए किसी को भी कमरा न दिया जाए। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गरीबों और वंचितों की आवाज थे डा. लोहिया

## जयंती पर सपाईयों ने किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा ने पार्टी के पुरोधा डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

मंडी समिति रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने डॉ. लोहिया के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों, वं.चितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समाज में समानता और मानवता पर आधारित व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर संतराम सिंह यादव, मुमताज खां, अतीक अहमद, राधेलाल रघुवंशी, महेश यादव, प्रतीक धारीवाल, रवि यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार हेतु सरकार सतत प्रयासरत

**गजरौला**। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित 'ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला' में मुख्य अतिथि मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि, उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार एवं नवाचार के लिए सतत प्रयासरत है। सोमवार को एक वैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विधायक ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से विद्यालयों में आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसी के साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं ने टीएलएम मेले का आयोजन कर शिक्षण के नवीन तरीकों का प्रदर्शन किया। विधायक ने प्रतिभागी बच्चों को मैडल एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता, भाजपा मण्डलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल, रणवीर सिंह, जयवीर सिंह, विपिन पंघाल, नरेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र सिंह, मिथलेश, जयवीर सिंह, जितेन्द्र सिंह, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू आदि मौजूद रहे।



# बिल जमा करने के बाद भी नहीं शुरू हुई विद्युतापूर्ति

**गजरौला।** ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने के बाद भी विद्युतापूर्ति शुरू न होने पर रोष जाहिर किया। भेजे गए ज्ञापन में श्री सेन ने कहा कि, जिन विद्युत उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन सभी के कनेक्शन अचान बिना किसी नोटिस के काट दिए गए हैं, जो कि गलत है। विद्युत उपभोक्ताओं ने बिना कोई अवरोध पैदा किया सरकार को पूरा सहयोग देते हुए स्मार्ट मीटर लगवाए थे। उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने के बाद भी उनके कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं, जिसके कारण परिवार में बच्चे पीने का भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। श्री सेन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि जिन उपभोक्ताओं के बिल जमा हो जाएं, उनकी विद्युतापूर्ति भी मिनटों में ही शुरू कराई जाए, ताकि उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो और उनके घर अंधेरा न हो।

# भारत माता की झांकी से जगी देशक्ति की अलख

## नवरात्र महोत्सव में कलाकारों ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। नगर के मायापुरी स्थित प्राचीन चामुण्डा मंदिर पर 19 मार्च से प्रारंभ हुए चौत्रीय नवरात्रि महोत्सव के चौथे दिन कलाकारों ने भारतमाता की झांकी प्रस्तुत करके दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया, वहीँ माँ काली की झांकी सहित अन्य भक्ति कार्यक्रमों ने भी दर्शकों को घंटों तक भक्ति सागर में गोते लगवाए।

रविवार की रात नौ बजे से महोत्सव के चौथे दिन के कार्यक्रमों में भारत माता, हनुमान जी, फौजी और आतंकवादी, योगिराज आदि की झांकियों के दृश्यों को बहुत ही सुन्दरता के साथ प्रस्तुत किया गया। दिल्ली से आए कलाकारों का उत्कृष्ट अभिनय देखकर दर्शकों ने उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कमेटी के प्रबंधक डॉ0सुमेरचंद, जितेंद्र गुप्ता, निगम वर्मा, नवीन गर्ग, सनी, रामपाल, अशोक, महेंद्र प्रजापति, रजनीश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, प्रमोद सोलंकी, अंकुर भारद्वाज, मनमोहन सिंह सेन, चंद्रपाल पाल, दिनेश अग्रवाल, होशियार दिवाकर, जानू चौहान, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।



# प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापितः डा. ढिल्लो

## सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर विकास प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रदेश सरकार के नौ साल पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विकास प्रदर्शनी, स्टॉल निरीक्षण और योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व आवास की चाबी वितरित की गई।

प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नौगांवा सादात में नगर पंचायत कार्यालय के निकट एक बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, व्यक्तिगत शौचालय योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। साथ ही प्रदेश सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया और लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। अपने संबोधन में डॉ. ढिल्लो ने कहा कि सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने किसान हित, महिला सशक्तिकरण और गन्ना भुगतान में सुधार जैसे मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो, नगर पंचायत अध्यक्षा सुबीना जैदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह, परियोजना निद.ेशक अंबरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी मो. दानिश सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।




# युद्ध से नहीं होता है समाधान, शांति से ही निकलता है मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। गजरौला। नवकुण्डीय महायज्ञ में सम्मिलित होने पहुंचे ब्रजघाट पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री जलेश्व.रानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि, युद्ध किसी भी समस्या का समाधान

### नवकुण्डीय महायज्ञ में पहुंचे जल वाले गुरू जी

नहीं है बल्कि शांति से ही समाधान निकाल सकता है युद्ध केवल वर्चस्व की लड़ाई को प्रदर्शित करता है और इससे पूरे विश्व को ही नुकसान उठाना पड़ता है। नगर की मानसरा.ेवर कॉलोनी में आयोजित हो रहे नव कुंडीय महायज्ञ में स्वामी श्री जलेश्व.रानंद गिरी जी महाराज ने इस समय अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर कहा कि, युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। युद्ध से पूरे विश्व के लोगों को ही प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से हानि उठानी पड़ती है। युद्ध केवल वर्चस्व की जंग है, इसीलिए युद्ध की बजाए शांति से समाधान होना जरूरी है। कहा कि चौत्रीय नवरात्र का विशेष महत्व है। श्रद्धालु माँ भगवती की पूजा अर्चना करते हैं तो जनमानस का कल्याण होता है। यज्ञ, हवन और पूजा अर्चना का आयोजक भले ही कोई व्यक्ति विशेष हो किंतु उस का फल समूचे क्षेत्र और लोगो का मिलता है। कहा कि आज के दौर में मनुष्य की व्यस्तता बहुत ज्यादा है लेकिन फिर भी हमें पूजा अर्चना और धार्मिक कार्य के लिए समय निकालना चाहिए। इस मौके पर श्री अनुरागी महाराज, आचार्य हर्षित कौशल, आचार्य सचिन सारस्वत, मुख्य यजमान उधम सिंह, जसवंत पहलवान, रविंद्र शर्मा, प्रताप सिंह, संजय कुमार, राधेश्याम, देवराज, देवेश शर्मा आदी मौजूद रहे। वहीं महायज्ञ में शहर के अनेकों महिला पुरूषों ने भाग लेकर परिक्रमा की। मान्यता है कि महायज्ञ की परिक्रमा करने से श्रद्धालुओं को यज्ञ में आहूति प्रदान करने जैसा ही प्रतिफल प्राप्त होता है।



**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा दानिश अली गलत संगत में पड़ गया है। कई बार उसे समझाने का प्रयास किया परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

कल्लू पुत्र मेंहदी हसन, निवासी ग्राम धनौरा उर्फ मुरादनगर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।

